36 घंटे का निर्जला व्रत खोलकर व्रतियों ने किया पारण

उमड़ा आस्था का सैलाब : उगते सूर्य को अर्घ्य देकर छठ महापर्व का हुआ समापन

शीतलदास की बगिया और कमला पार्क में सुबह से जुटे श्रद्धालु, परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः लोक आस्था, पवित्रता और सूर्य उपासना का चार दिवसीय महापर्व छठ सोमवार सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ संपन्न हो गया। राजधानी भोपाल के शीतलदास की बगिया, कमला पार्क सहित विभिन्न छठ घाटों पर सुबह से ही व्रतियों और श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। व्रतियों ने पानी में खड़े होकर भगवान सूर्य को जल और गाय के कच्चे दूध से अर्घ्य दिया। इसके साथ ही 36 घंटे तक चले निर्जला व्रत का समापन हुआ। सूर्यदेव की पूजा-अर्चना के बाद व्रतियों ने पारण कर प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान उन्होंने परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। घाटों पर सुबह से ही छठी मैया के पारंपरिक गीत गूंजते रहे। पूजा संपन्न होने के बाद व्रतियों ने परिवार के सदस्यों, रिश्तेदारों और परिचितों के बीच प्रसाद वितरित किया। घाटों पर पूरे समय श्रद्धा और भक्ति का वातावरण बना रहा।





विधायक भगवानदास सबनानी सोमवार प्रातः 5:00 बजे प्रेमपुरा एवं नेहरू नगर में आयोजित लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा कार्यक्रम में उपस्थित हुए तथा सभी छठव्रतियों को महा पर्व की शुभकामनाएं दीं।

ठेकुआ और मौसमी फलों से सजाए पूजा के सूप

छठ पूजा के अंतिम दिन व्रतियों ने बांस के सूप में ठेकुआ महाप्रसाद, केला, नारियल, ऋतु फल, अक्षत और अन्य पूजन सामग्री सजाई। सुबह सूर्य की पहली किरण दिखाई देने के साथ ही घाटों पर अर्घ्य देने का सिलसिला शुरू हो गया। श्रद्धालुओं ने पारंपरिक विधि-विधान से सूर्यदेव और छठी मैया की पूजा की। इस दौरान परिवार के अन्य सदस्य भी पूजा में शामिल हुए और व्रतियों का सहयोग किया।

नहाय-खाय से हुई थी महापर्व की शुरुआत

चार दिवसीय छठ महापर्व की शुरुआत 13 नवंबर को नहाय-खाय के साथ हुई थी। इस दिन व्रतियों ने स्नान और पूजा के बाद सात्विक भोजन ग्रहण किया। 14 नवंबर को खरना के अवसर पर शाम को खीर और गेहूं की रोटी का प्रसाद तैयार किया गया। इसे ग्रहण करने के बाद व्रतियों ने 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू किया। 15 नवंबर को डाला छठ के अवसर पर व्रतियों ने अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया था।

एक नजर इधर भी

खजूरी में स्कूल की सरकारी भूमि पर बने 5 अवैध दुकानों को प्रशासन ने जेसीबी से जमींदोज कर अतिक्रमण हटाया, कार्रवाई के दौरान दुकानें ढहा दी गईं।



कविता-कथा आयोजन में 22-23 नवंबर को गूंजेंगी विभिन्न भाषाओं की रचनाएं

भारत भवन के वागर्थ केंद्र में होगा दो दिवसीय साहित्यिक कार्यक्रम, रचना-पाठ के साथ होंगे वैचारिक विमर्श

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः भारत भवन के भारतीय कविता केंद्र 'वागर्थ' की ओर से 22 और 23 नवंबर को दो दिवसीय साहित्यिक आयोजन 'कविता-कथा' आयोजित किया जाएगा। इसमें देश की विभिन्न भाषाओं के साहित्यकार, कवि और कथाकार रचना-पाठ तथा वैचारिक विमर्श में शामिल होंगे। भारत भवन के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी प्रेम शंकर शुक्ल ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य विभिन्न भारतीय भाषाओं के साहित्यकारों को साझा मंच उपलब्ध कराना और कविता-कथा के संबंधों पर संवाद को बढ़ावा देना है। 22 नवंबर को शाम 6 बजे वाणी वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। इसके बाद ओड़िया, मराठी, उर्दू, हिंदी और सिंधी भाषा के साहित्यकार अपनी रचनाओं का पाठ करेंगे। 23 नवंबर को सुबह 10.30 बजे 'कविता और कथा की परस्परता' विषय पर पहला वैचारिक सत्र होगा। इसकी अध्यक्षता गोविन्द मिश्र करेंगे। शाम 4 बजे इसी विषय पर दूसरा सत्र आयोजित होगा, जिसकी अध्यक्षता संतोष चौबे करेंगे। शाम 6.30 बजे होने वाले रचना-पाठ में ओड़िया, हिंदी, संस्कृत और गुजराती के कवि-कथाकार अपनी रचनाएं प्रस्तुत करेंगे।

भोपाल मैनेजमेंट एसोसिएशन का दीपावली मिलन समारोह आयोजित



कारपोरेट जगत की हस्तियों ने गाए फिल्मी गीत, रैम्प वॉक और कराओके गायन रहे आकर्षण

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः भोपाल मैनेजमेंट एसोसिएशन द्वारा दीपावली मिलन समारोह 2026 का आयोजन उत्साह और उल्लास के साथ किया गया। समारोह में एसोसिएशन के सदस्यों एवं उनके परिवारजनों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपाध्यक्ष आरजी द्विवेदी और अध्यक्ष-निर्वाचित डॉ. राजीव अग्रवाल के स्वागत उद्बोधन से हुआ। उन्होंने दीपावली के सांस्कृतिक महत्व और आपसी सद्भाव का संदेश दिया।

कार्यक्रम का संचालन अभिलाषा मोक्षा ने किया। समारोह में मनोरंजक खेलों के साथ महिला एवं पुरुष सदस्यों की रैम्प वॉक और कराओके गायन प्रमुख आकर्षण रहे। कारपोरेट जगत की हस्तियों ने फिल्मी गीतों की प्रस्तुतियां देकर समां बांधा। प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। समारोह में मनोज झा, शैलेन्द्र ओझा, जीके छिब्बर, डॉ. महेश शुक्ला, सलिल चटर्जी, मोहन अग्रवाल, धीरन दत्ता और अरविंद सिंह सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे। अंत में मानद सचिव शंकर कृष्णन ने आभार व्यक्त किया।

महँगाई राहत में देरी से पेंशनरों में आक्रोश

भोपाल। पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने महंगाई राहत में देरी और अवधि में कटौती को लेकर नाराजगी जताते हुए मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव एवं वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव को पत्र लिखा है। प्रदेश अध्यक्ष आमोद सक्सेना ने बताया कि केंद्र सरकार ने 1 जनवरी 2026 से महंगाई राहत में 2% वृद्धि की, लेकिन प्रदेश के पेंशनरों को इसका लाभ 1 जुलाई से दिया गया। इससे छह माह के एरियर्स से वे वंचित रहे। वहीं, 1 जुलाई 2026 से घोषित 3% वृद्धि का लाभ भी अब तक नहीं मिला है। संरक्षक गणेश दत्त जोशी ने इसे आर्थिक अन्याय बताते हुए पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के निर्णय का हवाला दिया। भोपाल जिला अध्यक्ष सुरेश शर्मा ने बकाया 2 प्रतिशत एरियर्स तथा कुल 63 प्रतिशत महंगाई राहत के शीघ्र भुगतान की मांग की। एसोसिएशन पदाधिकारियों ने केंद्र के समान प्रभावी तिथि से राहत देने के लिए स्थायी नीति बनाने की मांग की।

भोपाल में न्यायोत्सव - विधिक सेवा सप्ताह 2026

मैराथन- वॉकथॉन में 500 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा



नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः भोपाल में 'न्यायोत्सव' विधिक सेवा सप्ताह 2026 का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें मैराथन-वॉकथॉन आयोजित की गई, जिसमें 500 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। जिला न्यायालय परिसर, भोपाल से वल्लभ भवन तक एक मैराथन/वॉकथॉन निकाली गई, जिसे प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज श्रीवास्तव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य आमजन को निःशुल्क विधिक सहायता, बाल अधिकारों और विधिक सेवा प्राधिकरण की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना था।

इस मैराथन में न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं, न्यायालयीन कर्मचारियों, विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों, स्कूली छात्र-छात्राओं, पैरालीगल वॉलंटियर्स और विधि के विद्यार्थियों सहित लगभग 500 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और विधिक जागरूकता का संदेश जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया। प्रतियोगिता के समापन पर पुरुष वर्ग में श्री राम द्विवेदी और महिला वर्ग में सुश्री मिताक्षी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जिन्हें माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री मनोज श्रीवास्तव द्वारा शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विशेष न्यायाधीश राजश्री श्रीवास्तव, कुमुदनी पटेल, जिला न्यायाधीश संजय साही, विधान माहेश्वरी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अग्निन्द्र द्विवेदी, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुनीत अग्रवाल, जिला विधिक सहायता अधिकारी एम. जीलानी, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष देवेंद्र रावत एवं सचिव मुकेश नागपुरे सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। 'न्यायोत्सव' विधिक सेवा सप्ताह 2026% का समापन 20 नवंबर को होगा।

रंगारंग प्रस्तुतियों से सजा बैंकर्स क्लब का दिवाली मिलन समारोह

हिरदाराम नगर। बैंकर्स क्लब का दीपावली मिलन समारोह आयोजित किया गया, जिसमें क्लब सदस्यों ने अपने परिवारों के साथ हिस्सा लिया। समारोह में बैंकर्स के बच्चों और सदस्यों ने प्रस्तुतियां दीं। शन्या और वैदिक के नृत्य, पावनी के पियानो वादन तथा विवान के गीत ने सबका मन मोह लिया। सुंदर किशनानी, दिशा चांदवानी, मुक्ता चांदनी और दिलीप किशनानी आदि की प्रस्तुतियों ने माहौल को संगीतमय बना दिया।

दीपोत्सव का उल्लासः सिंधी सेन्ट्रल पंचायत के दिवाली मिलन में विशिष्टजनों का सम्मान

नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः राजधानी के रविंद्र भवन में सिंधी सेन्ट्रल पंचायत, भोपाल के तत्वावधान में दिवाली मिलन समारोह का आयोजन रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच किया गया। विशिष्ठ कार्यों के लिए विशिष्ठजनों को सम्मानित भी किया गया।

समारोह के दौरान मोहित शेवानी, नरेश गिडवानी, शुभन नथानी और सुश्री रितुका सुंदरानी द्वारा दी गई शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया और पूरा हॉल झूम उठा।

कार्यक्रम के दौरान अरेरा कॉलोनी और होशंगाबाद रोड पंचायत के अध्यक्ष जयपाल सचदेव व उनकी पूरी टीम को उनके उल्लेखनीय कार्यों के लिए



सम्मानित किया गया। इसके अलावा विभिन्न सामाजिक कार्यों में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सुरेश भागचंदानी, राज चंदनानी, जितेंद्र धाकड़ (सचिव, मध्यप्रदेश केमिस्ट एसोसिएशन) और प्रदीप आर्तवानी (जनसंपर्क अधिकारी, म.प्र. केमिस्ट एसोसिएशन) का भी विशेष सम्मान किया गया। साथ ही, पंचायत द्वारा समस्त सदस्यों को परिचय पत्र देने की प्रक्रिया का लोकार्पण मुख्य अतिथि विधायक भगवानदास सबनानी और मानवाधिकार आयोग के पूर्व अध्यक्ष मनोहर ममतानी ने किया।

कार्यक्रम की शुरुआत भगवान झूलेलाल की मूर्ति पर दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके पश्चात पंचायत के अध्यक्ष किशोर तनवानी ने सभी को दीवाली की शुभकामनाएं देते हुए स्वागत उद्बोधन दिया, और कोषाध्यक्ष राजेश भूरानी ने पंचायत का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। विधायक भगवानदास सबनानी, सिंधी सेन्ट्रल पंचायत के मुख्य सलाहकार भगवानदेव ईसरानी, सिंधी सेन्ट्रल पंचायत सहकारी समिति के अध्यक्ष बलदेव खेमानी और पंचायत के सचिव दिनेश मेंधानी ने अपने विचार रखे।

कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, जिला चिकित्सालय रायसेन

क्रमांक/निविदा/2026-27/14276 **रायसेन, दिनांक 12/11/26**

द्वितीय ई-निविदा आमंत्रण सूचना

संचालनालय लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा म.प्र. भोपाल के पत्र क/अ.प्र./सेल-7/2025/1087/2025-Hos-Admin-MPDHS/I/338496/2025 दिनांक 02.07.2025, पत्र क/2/अवि. / सेल-2 (भर्ती)/2025/776-वाय दिनांक 27.06.2025, पत्र क/2/अवि/सेल-2 (भर्ती)/2024/1713-R भोपाल दिनांक 05/11/2024 एवं पत्र क/2/अवि/सेल-2 (भर्ती)/2024/1623-Q भोपाल दिनांक 14/10/2024 के द्वारा राज्य स्तरीय मानक वर्ष 2024 के अनुसार जिला चिकित्सालय रायसेन अंतर्गत स्वीकृत 300 बिस्तर के मापदण्ड अनुसार आउटसोर्स के आधार पर कम्प्यूटर ऑपरेटर/डाटा एन्ट्री ऑपरेटर (आउटसोर्स) एवं मल्टी स्कील्ड ग्रुप डी वर्कर (आउटसोर्स) का नियोजन आउटसोर्स एजेंसी के द्वारा किये जाने हेतु इच्छुक निविदाकारो से खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

उपरोक्त ई-निविदा प्रपत्र म.प्र शासन के पोर्टल की बेबसाईट https://mptenders.gov.in पर उपलब्ध हैं। निविदा प्रपत्र तथा नियम व शर्तें निविदा प्रपत्र में अंकित है। निविदा प्रपत्र राशि रू0 1,000/- (रू. एक हजार मात्र) का ई-भुगतान कर आनलाईन प्राप्त किया जा सकता है। यदि निविदा मे किसी प्रकार का संशोधन होता है तो म.प्र शासन के पोर्टल की बेबसाईट https://mptenders.gov.in अवलोकन किया जा सकता है। उक्त ई-निविदा की डेट्स निम्नानुसार है।

E-Tender Key Dates

Bid Particulars	Date & Time
Bid Publishing Date	18-11-2026, 11:00 AM
Document Download/Sale Start Date	18-11-2026, 03:00 PM
Bid Submission Start Date	18-11-2026, 05:00 PM
Pre Bid Meeting Date	NA
Bid Submission Closing Date	02-12-2026, 06:00 PM
Technical Bid Opening Date	04-12-2026, 11:00 AM
Financial Bid Opening Date	As per committee decision

सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक
जिला चिकित्सालय रायसेन

जी-21561/26

नाम परिवर्तन सूचना

मैं विजय कुमार लहिरी s/o श्री एम एल लहिरी R/o C-77 क्रिस्टल केंपस अवधपुरी भोपाल सर्वसाधारण को सूचित करता हूं कि मेरी पुत्री सिद्धि लहिरी के स्कूल दस्तावेज में मेरा नाम विजय लहिरी अंकित किया गया है जबकि मेरा नाम विजय कुमार लहिरी है अतः मुझे संपूर्ण दस्तावेजों में इसी नाम से जाना एवं पहचाना जावे।

4039

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं नबील अहमद पुत्र वकार अहमद निवासी मकान नं. ए-163, एयरपोर्ट रोड इंद्र विहार कॉलोनी भोपाल (मध्य प्रदेश) मैं यह घोषणा करता हूं कि मेरा पूर्व में नाम अली नबील अहमद था जो कि मेरे पासपोर्ट पर लिखा है अब मैंने अपना नाम बदलकर नबील अहमद (नया नाम) रख लिया है। जो मेरे अन्य दस्तावेजों में लिखा है अब मुझे इसी नए नाम नबील अहमद पुत्र वकार अहमद से जाना व पहचाना जाए।

4038

गोविंदराम चंदनानी के नेत्र दान, सेवासदन को मिले

नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः संत हिरदाराम नगर निवासी गोविंदराम चंदनानी का रविवार 15 नवंबर 2026 को देहांत हो गया। दिवंगत प्राणी के पुत्र विक्की चंदनानी ने अपने पिता की आँखें सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय को दान में दे दी हैं। दिवंगत के ये नेत्र अब जल्द ही जरूरतमंद दृष्टिबाधित व्यक्तियों को प्रत्यारोपित किए जाएंगे। बता दे कि सेवा सदन अस्पताल अब तक 2,382 दृष्टिबाधित लोगों को निःशुल्क नेत्र प्रत्यारोपित कर उनकी जिंदगी में नेत्र ज्योति प्रदान कर चुका है। सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय ट्रस्ट के सचिव हीरोज्ञानचंदानी ने दिवंगत की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है।



कार्यालय राजस्व निरीक्षकवृत्त-04 बावड़िया कंला तहसील-कोलार, जिला-भोपाल, म.प्र.

क्र. रा.नि./ भोपाल, दिनांक 31/10/2026

सूचना-पत्र

प्रति, 1.श्रीमती अनिता सिंहल पत्नी श्री नंद किशोर नि भोपाल ! 2. श्री नवीन चौबे, नीरज चौबे पिता श्री बी.के. चौबे नि. भोपाल 3. श्री हरीश कुमार शर्मा पिता भी नत्थन लाल शर्मा नि. भोपाल 4. श्रीमती आशी कामदार पत्नी श्री हंसराज कामदार निवासी भो. 5. श्रीमती मंजू गोड पत्नी स्व. दिनेश सिंह गौड़ रविता सिंह पुत्री स्व. दिनेश एवं अन्य खातेदारगण निवासी भोपाल 6. मेसर्स सेज टाउन भोपाल द्वारा डायरेक्टर 7. श्रीनिवास अग्रवाल पिता स्व. श्री गंजानन्द अग्रवाल एवं अन्य नि. भोपाल। आप सभी व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि न्यायालय तहसील-कोलार, जिला भोपाल के राजस्व प्रकरण क्रं. अ-12/ में आवेदक श्री नवीन चौबे, नीरज चौबे पिता श्री. बी. के. चौबे एवं हरीश कुमार शर्मा पिता श्री नत्थन लाल शर्मा निवासी भोपाल। द्वारा ग्राम -बावड़िया कलां प.ह. न. 18. रा.नि. मं. 04 बावड़िया कला तहसील-कोलार जिला भोपाल में स्थित भूमि खसरा क्रं.147/9/19 रकबा 0.0930 हेक्टएर कुल रकबा 0.0930 हेक्टयर भूमि का सीमांकन किये जाने का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया हैं। जिसका न्यायालय के आदेश पालन में आवेदित भूमि का स्थल पर सीमांकन कर जांच प्रतिवेदन, फील्डबुक, नक्शा, सूचना पत्र के साथ न्यायालय में प्रस्तुत किया जाना है। अतः आवेदित भूमि का सीमांकन की कार्यवाही दिनांक 17/11/2026 को समय 12:30 बजे आवेदित स्थल पर की जायेगी। जिसके संबंध में सूचना-पत्र जारी किया गया। किसी भी प्रकार का अतिआवश्यक शासकीय कार्य आने पर सीमांकन की कार्यवाही स्थगित की जा सकती है।

राजस्व निरीक्षक
तहसील कोलार जिला भोपाल म.प्र.

4031

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी, नजूल संत हिरदाराम नगर, बैरागढ़ वृत्त, भोपाल

प्रकरण कमांक 0097/ अपील/2026-27

श्रीमती लता ठाकुर पत्नी श्री बलवीर सिंह ठाकुर निवासी मकान नम्बर 6 आजाद नगर, अयोध्या बायपास रोड, तहसील हुजूर, जिला-भोपाल.....**अपीलार्थी... विरुद्ध** 1- ग्राम बडवाई तहसील हुजूर जिला भोपाल स्थित भूमि खसरा क्रमांक 279/2/1 रकबा 0.4719 है. भूमि के समस्त पडोसी भूमि स्वामी/हितबद्ध पक्षकारगण 2- सर्वसाधारण 3- श्रीमती शोभा जैन पत्नी श्री प्रदीप कुमार जैन निवासी- एच आई जी 03 शिवाजी नगर, भोपाल 4- सुरभि सिंह पुत्री श्री विजय सिंह नि. 23 एम.पी.नगर, भोपाल 5- श्री अग्रवाल एजूकेशन एण्ड वेलफेयर सोसायटी, भोपाल द्वारा अध्यक्ष, श्री सुधीर कुमार अग्रवाल आ. स्व. श्री एस के अग्रवाल निवासी ई-2/4 अरेरा कॉलोनी, भोपाल 6- श्री अजब सिंह आ. श्री गुलाब सिंह यादव नि. बी-17 द्वारकाधाम कॉलोनी, बडवाई भोपाल 7- सुभद्रा बाई पुत्री श्री गुलाब सिंह यादव निवासी- नयापुरा, न्यू जेल के सामने भोपाल 8- गंगाबाई पुत्री श्री गुलाब सिंह निवासी संजय नगर संतोषी माता मंदिर के पास, ग्वालटोली, होशंगाबाद (म.प्र.) पिन-461001 9- श्री अमर अग्रवाल आ. श्री जगन्नाथ अग्रवाल निवासी 36 गुर्जरपुरा, चौक बाजार, तहसील हुजूर जिला भोपाल 10- श्री संजय मेहरा आ. श्री बटनलाल मेहरा निवासी- 53 ग्राम बडवाई, तहसील हुजूर, जिला भोपाल...प्रतिअपीलार्थीगण

इश्तहार

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अपीलार्थी द्वारा अधीनस्थ न्यायालय तहसीलदार, तहसील हुजूर, जिला-भोपाल के राजस्व प्रकरण क्रमांक 0109/अ-3/2024-25 में पारित आलोच्य आदेश दिनांक 02.09.2026 ग्राम बडवाई स्थित भूमि खसरा क्रमांक 279/2/1/2 रकबा 0.2163 है. भूमि में पारित आदेश से दुखी एवं क्षुब्ध होकर अपील प्रस्तुत कि गया है। से दुखि:त एवं क्षुब्ध होकर पारित आदेश से परिवेदित होकर म.प्र.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 44 (1) के तहत् अपील प्रस्तुत किया गया है, उक्त प्रकरण जो भी हितबद्ध पक्षकार है अथवा जिसका हित प्रभावित होने की पूर्ण संभावना है। उक्त में यदि आपको या किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 20.11.2026 को इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है उपस्थित न होने की दशा में प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी। आज दिनांक 12/11/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी
नजूल संत हिरदाराम नगर बैरागढ़ भोपाल

4032

प्रारूप-दस
(नियम 7 देखिये)

न्यायालय तहसीलदार, नजूल संत हिरदाराम नगर (बैरागढ) वृत्त भोपाल

(पुराना जिला पंचायत भवन, कोहेफिजा जिला भोपाल)

रा.प्र क्र 1906/अ-6/2026-27

सार्वजनिक नोटिस

एतद्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार भू-अभिलेखों में नामांतरण/ बटान/ बटवारा/सीमांकन की कार्यवाही इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 27/11/26 समय दोपहर 03:00 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार नजूल संतहिरदाराम नगर बैरागढ़ वृत्त भोपाल के समक्ष स्वयं या अपने अधिवक्ता, जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हों, या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन नामांतरण/बटान/ बटवारा/ सीमांकन के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। **अनुसूची:-** ग्राम का नाम, खसरा नंबर,क्षेत्रफल, उस व्यक्ति का विवरण जिनके पक्ष में नामांतरण विचाराधीन है आवेदक का नाम), पिता (पति का नाम एवं पता/ पीपलनेरे,27/1, 27/2/2/3/1,27/1, 27/2/2/3/2, 112, 5 वर्गमीटर 1210,50 वर्गफिट, निजाम अहमद, अहमद/ सईद इकबाल आज दिनांक 11/11/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुझ के अधीन जारी किया गया।

तहसीलदार
नजूल संतहिरदाराम नगर बैरागढ
वृत्त भोपाल

4033

न्यायालय तहसीलदार तहसील हुजूर जिला भोपाल

क्रमांक /प्रवा./ दिनांक 16/11/2026

संपत्ति के नीलामी की सार्वजनिक सूचना

नियम 6 देखिये

(अंतर्गत मध्य प्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 147 (ग) राजस्व प्रकरण क्रमांक

स क्र संपत्ति का विवरण गाइड लाइन मूल्य संपत्ति का मूल्य अमानत राशि प्रक्रिया शुल्क तहसीलदार के खाते की जानकारी 1 आकृति हाइलैंड फंदा कला स्थित व्यवहार्तीत भूमिया , 2,76,05,000 पत्र क्र 395/उप/26, भोपाल दिनांक 13/11/26 2,76,05000 (संपत्ति के मूल्य के अतिरिक्त पंजीयन शुल्क एवं रजिस्ट्री के सभी शुल्क) बोलीदार वहन करेंगे 27,60,500 (उक्त राशि का डी डी स्वीकार होगा) 50,000,10625212912 Ifsc: SBIN0000332 कार्यालय कलेक्टर जिला भोपाल का पी डी खाता कुल 2,76,55,000 (दो करोड़ छियत्तर लाख पचपन हजार रुपये) संपत्ति के नीलामी का स्थान : न्यायालय तहसीलदार तहसील हुजूर जिला भोपाल का मीटिंग हाल, समय दोपहर 2 बजे से समाप्ति तक. 2. नीलामी प्रारम्भ होने से पूर्व भूमिस्वामी द्वारा बकायेदारो का भुगतान किये जाने पर बिना किसी पूर्व सूचना के नीलामी तत्काल प्रभाव से रोक दी जायेगी. 3 प्रथम सफल बोलीदार के द्वारा निलामी में 7 दिवस के भीतर सम्पूर्ण भुगतान नहीं किये जाने पर द्वितिय सफल बोलीदार के बोली पर विचार किया जाकर निर्णय लिया जायेगा. 4. खरीद दार को पंजीयन शुल्क प्रथक से देय होगा. 5. नीलामी में भाग लेने के इच्छुक बोलीदार दिनांक 26/11/2026 के पूर्व प्रातः 10 बजे से 6 बजे के मध्य न्यायालय तहसीलदार तहसील हुजूर जिला भोपाल में अमानत राशि तथा प्रक्रिया शुल्क इस प्रकार कुल 27,60,500 रुपये (सफल बोलीदार नियुक्त होने पर बोली की प्रक्रिया का शुल्क 50,000 प्रथक से देय होगा) मात्र का डिमांड ड्राफ्ट जमा कर रशीद प्राप्त कर सकेंगे. अमानत राशि के डिमांड ड्राफ्ट के बिना आवेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा. 6. किसी भी लिपिकीय त्रुटी अथवा किसी प्रक्रियात्मक त्रुटी के कारण नीलामी बिना किसी पूर्व सूचना के निरस्त की जा सकेगी. 7. नीलामी का इच्छुक बोलीदार सादे कागज में तहसीलदार के नाम से आवेदन, आवेदन मूल प्रति में आवेदक अथवा आवेदक के अभिभाषक के माध्यम से मूल आवेदन, डीमांड ड्राफ्ट मूल, आधार कार्ड के प्रति, इस आशय का शपथ पत्र कि वह नीलामी के सभी बिन्दुओ को पढ़ चुका है एवं सहमत है के साथ ही स्वीकार होंगे. 8. संपत्ति की पहचान हेतु इच्छुक बोलीदार पटवारी श्री नरेन्द्र अग्रवाल 9407254970 पर संपर्क कर सकते है।

तहसील हुजूर जिला भोपाल

4034

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी, नजूल संत हिरदाराम नगर, बैरागढ़ वृत्त, भोपाल

प्रकरण कमांक 0098/ अपील/2026-27

श्रीमती लता ठाकुर पत्नी श्री बलवीर सिंह ठाकुर निवासी मकान नम्बर 6 आजाद नगर, अयोध्या बायपास रोड, तहसील हुजूर, जिला-भोपाल.....**अपीलार्थी... विरुद्ध** 1- ग्राम बडवाई तहसील हुजूर जिला भोपाल स्थित भूमि खसरा क्रमांक 279/2/1 रकबा 0.4719 है0 भूमि के समस्त पडोसी भूमि स्वामी/हितबद्ध पक्षकारगण 2- सर्वसाधारण 3- श्रीमती शोभा जैन पत्नी श्री प्रदीप कुमार जैन निवासी- एच आई जी 03 शिवाजी नगर, भोपाल 4- सुरभि सिंह पुत्री श्री विजय सिंह नि. 23 एम.पी.नगर, भोपाल 5- श्री अग्रवाल एजूकेशन एण्ड वेलफेयर सोसायटी, भोपाल द्वारा अध्यक्ष, श्री सुधीर कुमार अग्रवाल आ. स्व. श्री एस के अग्रवाल निवासी ई-2/4 अरेरा कॉलोनी, भोपाल 6- श्री अजब सिंह आ. श्री गुलाब सिंह यादव नि. बी-17 द्वारकाधाम कॉलोनी, बडवाई भोपाल 7- सुभद्रा बाई पुत्री श्री गुलाब सिंह यादव निवासी- नयापुरा, न्यू जेल के सामने भोपाल 8- गंगाबाई पुत्री श्री गुलाब सिंह निवासी संजय नगर संतोषी माता मंदिर के पास, ग्वालटोली, होशंगाबाद (म.प्र.) पिन-461001 9- श्री अमर अग्रवाल आ. श्री जगन्नाथ अग्रवाल निवासी 36 गुर्जरपुरा, चौक बाजार, तहसील हुजूर जिला भोपाल 10- श्री संजय मेहरा आ. श्री बटनलाल मेहरा निवासी- 53 ग्राम बडवाई, तहसील हुजूर, जिला भोपाल...प्रतिअपीलार्थीगण

इश्तहार

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अपीलार्थी द्वारा अधीनस्थ न्यायालय तहसीलदार, तहसील हुजूर, जिला-भोपाल के राजस्व प्रकरण क्रमांक 0109/अ-3/2024-25 में पारित आलोच्य आदेश दिनांक 02.09.2026 ग्राम बडवाई स्थित भूमि खसरा क्रमांक 279/2/2 रकबा 0.3401 है. भूमि में पारित आदेश से दुखी एवं क्षुब्ध होकर अपील प्रस्तुत कि गया है। से दुखि:त एवं क्षुब्ध होकर पारित आदेश से परिवेदित होकर म.प्र.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 44 (1) के तहत अपील प्रस्तुत किया गया है, उक्त प्रकरण जो भी हितबद्ध पक्षकार है अथवा जिसका हित प्रभावित होने की पूर्ण संभावना है। उक्त में यदि आपको या किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 20.11.2026 को इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है उपस्थित न होने की दशा में प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी। आज दिनांक 12/11/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी
नजूल संत हिरदाराम नगर बैरागढ़ भोपाल

4035

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी, नजूल संत हिरदाराम नगर, बैरागढ़ वृत्त, भोपाल

प्रकरण कमांक 0096/ अपील/2026-27

श्रीमती लता ठाकुर पत्नी श्री बलवीर सिंह ठाकुर निवासी मकान नम्बर 6 आजाद नगर, अयोध्या बायपास रोड, तहसील हुजूर, जिला-भोपाल.....**अपीलार्थी... विरुद्ध** 1- ग्राम बडवाई तहसील हुजूर जिला भोपाल स्थित भूमि खसरा क्रमांक 279/2/1 रकबा 0.4719 है. भूमि के समस्त पडोसी भूमि स्वामी/हितबद्ध पक्षकारगण 2- सर्वसाधारण 3- श्रीमती शोभा जैन पत्नी श्री प्रदीप कुमार जैन निवासी- एच आई जी 03 शिवाजी नगर, भोपाल 4- सुरभि सिंह पुत्री श्री विजय सिंह नि. 23 एम.पी.नगर, भोपाल 5- श्री अग्रवाल एजूकेशन एण्ड वेलफेयर सोसायटी, भोपाल द्वारा अध्यक्ष, श्री सुधीर कुमार अग्रवाल आ. स्व. श्री एस के अग्रवाल निवासी ई-2/4 अरेरा कॉलोनी, भोपाल 6- श्री अजब सिंह आ. श्री गुलाब सिंह यादव नि. बी-17 द्वारकाधाम कॉलोनी, बडवाई भोपाल 7- सुभद्रा बाई पुत्री श्री गुलाब सिंह यादव निवासी- नयापुरा, न्यू जेल के सामने भोपाल 8- गंगाबाई पुत्री श्री गुलाब सिंह निवासी संजय नगर संतोषी माता मंदिर के पास, ग्वालटोली, होशंगाबाद (म.प्र.) पिन-461001 9- श्री अमर अग्रवाल आ. श्री जगन्नाथ अग्रवाल निवासी 36 गुर्जरपुरा, चौक बाजार, तहसील हुजूर जिला भोपाल 10- श्री सं